# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-28.09.2024**

**विषय:- थाना कैंट क्षेत्र मे चोरी व लूट की घटनाओं का सफल अनावरण, 25 हजार का इनामिया शातिर अभियुक्त विजय श्रीवास्तव गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गये आभूषण, घटना मे प्रयुक्त बाइक व कुल 89000/- रु0 नगद बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से कमिश्नरेट वाराणसी के थाना कैण्ट व थाना लालपुर पाण्डेयपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 1- मु0अ0सं0 222/2024 धारा 392 भा0द0वि0 व 2- मु0अ0सं0 0308/2024 धारा 305 बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी व बढ़ोतरी धारा 331(1), 317(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त 01- विजय श्रीवास्तव पुत्र दिलीप श्रीवास्तव निवासी एस 1-1 पाण्डेय विहार कालोनी नवलपुर बसही थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी को प्लेटफार्म नं0 9 के पास थाना कैण्ट वाराणसी से आज दिनांक-28.09.2024 को समय करीब 01.50 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी गये सफेद व पीली धातु के आभूषण व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल व नगदी को बरामद कर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन महोदय द्वारा 25000/- रू0 पुरस्कार की घोषणा की गयी।**

**घटना का विवरण-**

1-दिनांक-17.06.2024 को वादी मुकदमा श्री विजय कुमार सिंह पुत्र स्व0 रामा सिंह निवासी म0न0 एस 25/168 R-1 सरसौली कैंट वाराणसी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि प्रार्थी की धर्मपत्नी रोज की तरह मकान के मुख्य द्वार खड़ी होकर ब्रश कर रही थी समय लगभग सुबह 5.25 बजे एक बाइक सवार लड़का गमछे मुंह ढका हुआ आया और पूछा कि वीर बहादुर सिंह का मकान कौन है प्रार्थी की धर्मपत्नी जानकारी नहीं होने की बात कही और प्रार्थी से पूछने के लिए अपना सिर पीछे घर की तरफ घुमाया ज्यो ही उक्त बाइक सवार ने प्रार्थी की धर्मपत्नी के गले में सोने की चैन खींच लिया और बाइक तेजी से लेकर भाग गया, जिसके आधार पर थाना कैंट मे मु0अ0सं0 222/2024 धारा 392 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया।

2-दिनांक-12.08.2024 को वादिनी मुकदमा रेखा देवी (उमा) निवासनी-एस 24/135 शत्ति माता मंदिर टकटकपुर PS कैंट वाराणसी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि समय लगभग दोपहर 1 बजे मै अपने एक रिश्तेदार से मिलने गई थी और जब लगभग दो बजे धर वापस पहुंची तो मेरे घर के पिछले दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब घर में जाकर देखा तो नीचे की अलमारी टूटी हुई थी एवं समान अस्त-व्यस्त था, जिसके बाद में ऊपर के कमरे में पहुंची तो वहां की अलमारी का ताला टूटा हुआ था जिसमें नगद 50 हजार रू0 व कीमती सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे जो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चूरा लिए गये हैं,जिसके आधार पर थाना कैंट मे मु0अ0सं0 0308/2024 धारा 305 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त विजय श्रीवास्तव ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-12/08/24 को दिन में करीब डेढ बजे सती माता मंदिर टकटकपुर मे ताला बंद पडे मकान का ताला तोड़ कर घर के अन्दर रखे आभूषणों को चोरी कर लिया था, जिसमें से अधिकतर सामान को मै पहले ही बेच कर नशे में खर्च कर दिया हूं तथा जुआ खेल लिया हूं। मेरे पास यही रूपये व चोरी के कुछ जेवरात बचे है। मेरे द्वारा माह जून में अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए सुबह करीब पांच बजे ही कस्बा सरसौली अर्दली बाजार में एक महिला के गले से पता पूंछने के बहाने चेन खींच लिया था तथा उसके बाद मैं फरार हो गया था, फिर काफी दिन बिमार रहा परन्तु पैसा न होने के कारण और नशे की लत पूरा करने के लिए फिर से शक्ति माता मंदिर टकटकपुर में दिन में चोरी कर लिया था, जिसके पश्चात पुलिस काफी सक्रिय हो गई थी इसलिए पकडे जाने के डर से मैं अपने घर पर न रह कर इधर-उधर छिप-छिपा कर रह रहा था और आज मैं बनारस छोंड़ कर अहमदाबाद भागने की फिराक में था कि आप लोगों द्वारा पकड लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01- विजय श्रीवास्तव पुत्र दिलीप श्रीवास्तव निवासी एस 1-1 पाण्डेय विहार कालोनी नवलपुर बसही थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 27 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-** प्लेटफार्म नं0 9 के पास थाना कैण्ट वाराणसी, दिनांक 28.09.2024 समय 01.50 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

1- सफेद व पीली धातु के आभूषण (02 अदद चैन पीली धातु, 02 अदद अंगूठी पीली धातु, 01 जोड़ी टफ्स पीली धातु, 03 जोडी पायल सफेद धातु, 02 जोड़ी बिछिया सफेद धातु)
2- 89000/- रुपया नगद
3- जामातलाशी से 450/- रुपया
4- सीजशुदा 01 अदद मोटर साइकिल वाहन सं0- UP65DD 9738 हीरो पैशन एक्स प्रो।

**आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त विजय श्रीवास्तव पुत्र दिलीप श्रीवास्तव निवासी एस 1-1 पाण्डेय विहार कालोनी नवलपुर बसही थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।**

1.मु0अ0सं0 0308/2024 धारा 305 बीएनएस व बढ़ोतरी धारा 331(1),317(2) बीएनएस थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2.मु0अ0सं0 222/2024 धारा 392 भादवि थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3.मु0अ0सं0 490/2013 धारा 380/411 भादवि थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4.मु0अ0सं0 0196/2021 धारा 380,411,454 भादवि थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5.मु0अ0सं0 0345/2021 धारा 380,411,454 भादवि थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6.मु0अ0सं0 0252/2021धारा 41,411,413 भादवि थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
7.मु0अ0सं0 0330/2021 धारा 294,504 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
8.मु0अ0सं0 0445/2020 धारा 380,411,454 भादवि थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
9.मु0अ0सं0 0243/2021धारा 380,411,454 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**थाना कैंट पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 राजकुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सुरेन्द्र शुक्ल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 बृज बिहारी ओझा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 मिथिलेश कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 ग्यासुद्दीन थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 आशीष मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 अतुल कुमार पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 नागेन्द्र थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

**थाना लालपुर/पाण्डेयपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 विद्यासागर थाना लालपुर/पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 मनीष तिवारी थाना लालपुर/पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**